# लेकर के अवतार जरा अब जल्दी आ जाओ सांवरिया सरकार

लेकर के अवतार,
जरा अब जल्दी आ जाओ,
सांवरिया सरकार,
जहाँ भी देखो,
आज वहीँ पे छाया सन्नाटा,
दुखी हुआ संसार॥

तर्ज – नफरत की दुनिया।

---

फैली है दुनिया में,
कैसी ये बीमारी,
सब कैद है घर में,
देखो ये लाचारी
जहाँ भीड़ हमेशा रहती थी,
वहां कोई नहीं दिखता,
ऐसी कोरोना की मार,
सांवरिया सरकार॥

---

अब और दु:ख बाबा,
हम सह ना पाएंगे,
तुम से जुदा होकर,
हम रह ना पाएंगे,
क्यों रूठ गए हमसे बाबा,
जो बैठ गए करके,
मंदिर के बंद द्वार,
सांवरिया सरकार॥

---

तेरे 'भीमसेन' को तो,
विश्वास है तुम पर,
इतनी सी कृपा बस,
कर देना हम सब पर,
हर भक्त तेरा खुशहाल हो,
ये विनती 'राधिका' की,
कर लेना स्वीकार,
सांवरिया सरकार॥

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लेकर के अवतार,
जरा अब जल्दी आ जाओ,
सांवरिया सरकार,
जहाँ भी देखो,
आज वहीँ पे छाया सन्नाटा,
दुखी हुआ संसार।bd।

**Singer – Radhika Sharma**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com